दिनांक 16.06.2017

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आयुक्त के0एल0 चौहान का नेहरु नगर जोन–01 में अचानक निरीक्षण

भिलाईनगर/ शासकीय कार्यों में और अधिक कसावट लाने के लिए आयुक्त के0एल0 चौहान जोन 01 नेहरु नगर में औचक निरीक्षण करने पहुंचे। फाईलिंग प्रक्रिया किस प्रकार संधारण हो रही है, सभी का समुचित रुप से पंजीयन होता है कि नही, आवेदकों से प्राप्त आवेदन का निराकरण किस प्रकार किया जाता है निराकरण की जानकारी आवेदक को किस प्रकार दी जाती है। लोक सुराज अभियान, कलेक्टर जनदर्शन, टी0एल0 बैठक, मुख्यमंत्री जनदर्शन आदि से प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय पर किया जा रहा है कि नहीं उसकी पुरी जानकारी प्राप्त की। सभी कर्मचारियों को समयावधि के अंदर कार्यों का निराकरण करने को कहा। सभी कर्मचारी अपने कार्यों पर निर्धारित समय में उपस्थित होते हैं कि नहीं की जानकारी ली।

शिकायत पंजी में जांच करने पर चौबिस विद्युत संधारण, दो पेयजल, चार सफाई संबंधित शिकायतें दर्ज मिलीं जिसका तत्काल निराकरण करने के लिए स्वयं खड़े होकर कर्मचारियों का दल को सब सामग्री के साथ रवाना करते हुए निर्देशित किये कि हमारा पहला प्रयास होना चाहिए कि समयावधि में कार्यों का निष्पादन हो । संबंधित को मोबाईल के माध्यम से सूचना भी दी जावे। शासकीय योजनाओं एवं कार्यों का निष्पादन करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के नाम का उल्लेख पट्टिकाओं पर की जावे। जिससे आवेदक सीधे संबंधित व्यक्ति से सम्पर्क कर सकें।

जोन 01 दौरा के दौरान सेग्रिकेशन प्लांट देखने गये वहॉ पर कचरों का निष्पादन किस प्रकार किया जा रहा है। घर–घर से कचरा संग्रहण करने वाले रिक्शे वालों से बात की उन्हे घर–घर से गीला कचरा हरे डस्टबीन में सुखा कचरा नीले डस्टबीन में रखने के साथ ही प्रत्येक घर में लोगों को जागरुक करने को भी कहा। शासन द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए समयावधि में पुरा करने को कहा। निरीक्षण के दौरान जोन 01 प्रभारी राकेश अरोरा, पार्षद दीपक रावना, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अशोक पहाड़िया, अभियंता सुनील दुबे, प्रभारी राजस्व अधिकारी मलखान सिंग सोरी, स्वच्छता निरीक्षक धमेंन्द्र मिश्रा, सुपरवाईजर एवं निरीक्षक उपस्थित रहें।

जनसम्पर्क अधिकारी